# 64 करोड़ से मॉनसून-प्रूफ बनेगी नांगलोई-नजफगढ़ रोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नांगलोई- नजफगढ़ सड़क सुदृढ़ीकरण और नालों के निर्माण से जुड़ी परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना पश्चिमी दिल्ली में रहने वाले लाखों दिल्लीवासियों को सीधा फायदा पहुंचाएगी।



वर्षों से यह क्षेत्र बरसात के मौसम में जलभराव, नालों के ओव. रफ्लो, सड़क पर गड्ढों और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। परियोजना पूरी होते ही इस पूरे कॉरिडोर में जल-निकासी सुधरेगी, सड़कें बेहतर होंगी और लोगों को ट्रैफिक से राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि नांगलोई और नजफगढ़ के लोगों के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनकी पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। लंबे समय से चली आ रही यहां के लोगों की गंभीर समस्या के समाधान के लिए दिल्ली सरकार ने ठोस कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि 64 करोड़ रुपये की लागत से नांगलोई-नजफगढ़ सड़क के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ ड्रेनेज निर्माण कार्य की शुरुआत की जा रही है। इससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और जलभराव की समस्याओं से भी राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने इस परियोजना को प्राथमिकता दी है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना पश्चिमी दिल्ली के नागरिकों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना का इस विकास कार्य में मार्गदर्शन और कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार पूरे शहर की जलनिकासी प्रणाली और ड्रेनेज सिस्टम को नए और आधुनिक तरीके से सुधारने पर काम कर रही है। सरकार की ओर से कई बड़े ट्रंक ड्रेन परियोजनाएं शुरू की गई हैं।

किराड़ी-मुंडका हॉल्ट सप्लीमेंट्री ड्रेन परियोजना के माध्यम से लगभग 1500 एकड़ क्षेत्र में जलभराव की समस्या का समाधान होगा। इसी तरह, एम. बी. रोड स्टॉर्म ड्रेन परियोजना दक्षिण दिल्ली में जलभराव की समस्या से निजात दिलाएगी। इसके अलावा, किराड़ी-रिठाला ट्रंक ड्रेन परियोजना से भी उत्तर पश्चिम दिल्ली के लोगों को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चांदोलिया और कमलजीत सहरावत, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, डॉ. पंकज सिंह, विधायक नीलम कृष्ण पहलवान, गजेंद्र द्राल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस इलाके की कई सड़कें पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में थीं।

वर्तमान सरकार ने इन सड़कों के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी ली, निविदा प्रक्रिया को पूरा किया और अब निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ये सड़कें अत्यधिक यातायात वाली हैं, जहां प्रतिदिन लाखों वाहन गुजरते हैं, जिससे भारी धूल और यात्रियों को असुविधा होती थी।

कार्यक्रम में दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इस परियोजना के शिलान्यास के साथ आज हम दिल्ली के विकास के महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। पिछले 11 वर्षों से यहां की सड़कें, नाले और पूरी व्यवस्था बदहाल है।

# जेल से रिहा होने के बाद फिर से अपराध करने के लिए घूम रहे थे, दो गिरफ्तार

**आरोपी के पास से दो ऑटोमैटिक चाकू और एक चोरी की बाइक बरामद की गई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के सफदरजंग एन्क्लेव थाने के स्टाफ ने दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दो ऑटोमैटिक चाकू और एक चोरी की बाइक बरामद की है।

आरोपी सफदरजंग अस्पताल के इलाके में अपराध करने के इरादे से घूम रहे थे।दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध को रोकने के लिए एसीपी/सफदरजंग एन्क्लेव मेल्विन वर्गीस की देखरेख में एसएचओ, सफदरजंग एन्क्लेव रजनीश कुमार के नेतृत्व मे टीम 09 जनवरी को सफदरजंग हॉस्पिटल और आउटर रिंग रोड के बीच एम्स ट्रॉमा सेंटर के जंगल वाले इलाके के पास फैक्ट्री रोड के इलाके में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान, टीम ने एक बाइक को आउटर रिंग रोड से एम्स टनल की तरफ आते देखा। पुलिस को देखकर, सवार अचानक पीछे मुड़ा और तेज रफ्तार से भागने की कोशिश की।

टीम ने तुरंत पीछा किया और सफदरजंग हॉस्पिटल के गेट के पास दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। शुरुआती तलाशी के दौरान, उनके पास से दो ऑटोमैटिक चाकू बरामद किए गए और बाइक चोरी की पाई गई। पुलिस पूछताछ करने पर, उनकी पहचान फहीम / भूत (40) और रहीस / रिज्जू (44) के रूप में हुई। इसके बाद सफदरजंग एन्क्लेव थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि वे पहले भी गैंगस्टर एक्ट, छीनने, वाहन चोरी, डकैती और आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

जेल से रिहा होने के बाद, वे फिर से आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गए और चोरी, छीनने और डकैती के इरादे से सफदरजंग एन्क्लेव थाने के इलाके में घूम रहे थे।पुलिस ने बताया कि आरोपी फहीम / भूत पहले भी गैंगस्टर एक्ट, छीनने, वाहन चोरी, डकैती और आर्म्स एक्ट से संबंधित 15 जबकि आरोपी रहीस / रिज्जू, गैंगस्टर एक्ट, छीनने, मोटर वाहन चोरी, डकैती और आर्म्स एक्ट से जुड़े 08 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

# उप राष्ट्रपति ने किया डीयू में ड्रग फ्री कैंपस अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि द्वारा ड्रग-फ्री कैंपस अभियान "नशामुक्त परिसर अभियान" का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति एवं दिल्ली विवि के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि और दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद सम्मानीय अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की।इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा बटन दबा कर ड्रग-फ्री कैंपस पोर्टल और मोबाइल एप्प को भी लॉन्च किया गया। कुल. पति प्रो. योगेश सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के प्रति शपथ भी दिलवाई। नशामुक्त परिसर अभियान का शुभारंभ करते हुए उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों के केंद्र ही नहीं होते, ये वो स्थान होते हैं जहां मूल्यों को आकार दिया जाता है।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि डीयू के चांसलर के रूप में मुझे गर्व है कि हमारा विश्वविद्यालय पूरे देश के लिए इस आंदोलन की शुरुआत कर रहा है। यह केवल हमारे परिसर को ही ड्रग फ्री नहीं रखेगा, बल्कि हमारे जागरूकता कार्यक्रम इस देश के प्रत्येक नागरिक को भी प्रेरित करेंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे वेद और उपनिषद भी संयम और सात्विक जीवन पर जोर देते हैं।उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एकमात्र ध्येय है कि 2047 तक भारत दुनिका की नंबर अर्थव्यवस्था बने; और यह केवल युवाओं के प्रयासों से ही संभव है। नशामुक्त युवक कौशल को आसानी से सीखते हैं और एंट्रप्रेनयोरशिप को बढ़ावा देते हैं तथा देश की आर्थिक प्रगति में सहयोग देकर राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि ड्रग फ्री युवा केवल निजी और आर्थिक विकास के लिए ही जरूरी नहीं हैं, बल्कि हमारे देश की समृद्धि और स्थायित्व के लिए भी जरूरी हैं।




दिल्ली विवि द्वारा ड्रग-फ्री कैंपस अभियान "नशामुक्त परिसर अभियान" का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति एवं दिल्ली विवि के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

## एक नजर

### पशु व पशु देखभालकर्ता संरक्षण कानून की मांग



**नई दिल्ली।** भारत में पशु क्रूरता की बढ़ती चिंता को उजागर करने और पशुओं की सुरक्षा के लिए तत्काल आधार पर अधिक मजबूत और सख्त कानूनों की मांग करने हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई । इस कार्यक्रम का उद्देश्य पशुओं, विशेषकर सामुदायिक कुत्तों, के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, हिंसा और उपेक्षा के बढ़ते मामलों पर राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित करना तथा कानूनी और सामाजिक सुधार की तत्काल आवश्यकता को सामने लाना है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस की मुख्य वक्ता डॉ. अनुरूपा रॉय एक समर्पित पशु कल्याण कार्यकर्ता हैं और अपने नियमित पेशे के अलावा पशु कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करती रही हैं। डॉ. रॉय ने कई विकसित देशों में अध्ययन और कार्य किया है, इसलिए वह भारत के पशु कल्याण कानूनों की तुलना उन देशों से करती हैं, जहां पशुओं को अधिक मजबूत कानूनी अधिकार और संरक्षण प्राप्त है।

### एंटरप्राईज एडॉप्शन में तेजी लाने को किया सहयोग

**नई दिल्ली।** नैक्स्ट जनरेशन की डिजिटल सर्विसेज और कंसल्टिंग में ग्लोबल लीडर, इन्फोसिस ने अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) के साथ सहयोग किया है। इस सहयोग का उद्देश्य जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (ए.आई) के एंटरप्राईज एडॉप्शन में तेजी लेकर आना है। संदीप दत्ता, प्रेसिडेंट, अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, ''इन्फोसिस व्यापक रूप से जनरेटिव ए.आई अपनाकर एंटरप्राईज परिवर्तन के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है। अमेजन क्यू और इन्फोसिस टोपैज की मदद से संगठन इनोवेट करने में समर्थ बनेंगे। बालाकृष्णा डी. आर. (बाली), एग्जिक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, ग्लोबल सर्विसेज हेड, ए.आई एवं इंडस्ट्री वर्टिकल्स, इन्फोसिस ने कहा, ''ए.डब्लू. एस के साथ हमारा सहयोग एंटरप्राईज द्वारा मूल्य सृजन और आपूर्ति के तरीके में परिवर्तन लेकर आ रहा है। अमेजन क्यू डेवलपर और इन्फोसिस टोपैज के माध्यम से हम न केवल अपने आंतरिक कार्यों, जैसे डेवलपमेंट सायकल आदि को बेहतर बना रहे हैं, बल्कि अपने ग्राहकों को महत्वपूर्ण कार्यों, जैसे एच.आर, रिक्रूटमेंट और वेंडर मैनेजमेंट में सुधार लाने में मदद कर रहे हैं।

### वैक्यूम टेक्नोलॉजी में कदम बढ़ाया

**नई दिल्ली।** एल्जी इक्विपमेंट्स ने आज अपने कोयंबटूर मुख्यालय में नई वैक्यूम पंप असेंबली लाइन के उद्घाटन की घोषणा की। यह असेंबली लाइन एल्जी और डी.वी.पी. वैक्यूम टेक्नोलॉजी एस.पी.ए., इटली के बीच हुए मल्टी-ईयर टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग एग्रीमेंट पर आधारित है, जिसके तहत एल्जी भारत में डीवीपी के प्रोप्रायटरी वैक्यूम प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग, असेंबली, टेस्टिंग और मार्केटिंग करती है। इस मौके पर डॉ. जयराम वरदराज, मैनेजिंग डायरेक्टर, एल्जी इक्विपमेंट्स ने कहा, "यह वैक्यूम पंप असेंबली लाइन भारत से ग्लोबली कॉम्पिटिटिव इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस बनाने की एल्जी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अनवर जय वरदराज, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एल्जी इक्विपमेंट्स ने कहा, "ग्लोबल वैक्यूम पंप मार्केट लगातार बढ़ रहा है, खासकर मैन्युफैक्चरिंग, पैकेजिंग, फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रोसेस इंडस्ट्रीज में बढ़ती मांग के कारण। इस नई असेंबली लाइन के साथ एल्जी एक ट्रस्टेड ग्लोबल मैन्युफैक्चरर के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है।

### डेटा-ड्रिवन सोलर डिजाइन से दुर्घटना संभावित हाईवे को करेंगे रोशन

**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया से विजयवाड़ा क्षेत्र के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर फेज-1 के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा चिन्हित 104 दुर्घटना-संभावित और ब्लैक स्पॉट स्थानों पर सोलर हाईवे लाइटिंग लगाने का काम मिला है।एक कॉम्पिटिटिव कमर्शियल बिडिंग प्रोसेस के बाद, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिग्निफाई इनोवेशंस इंडिया लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप में, सर्वे, डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए सफल बिडर के रूप में सामने आई। यह प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी में टेक्नोलॉजी पर आधारित एक पहल है, जो दुनिया की पहली, डेटा-ड्रिवन मेथोडोलॉजी पर आधारित है।इस डेवलपमेंट पर कमेंट करते हुए, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा, बहुत ही कॉम्पिटिटिव बिडिंग प्रोसेस के जरिए यह कॉन्ट्रैक्ट हासिल करना लॉर्ड्स मार्क के डेटा-ड्रिवन अप्रोच और एग्जीक्यूशन क्षमताओं का एक मजबूत सबूत है।

### आतिशी ने की गुरुओं की बेअदबी:मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि विधानसभा की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सिख गुरुओं के लिए जो शब्द बोले गये वह बेअदबी, गुनाह और पाप हैं तथा उनका कोई औचित्य नहीं था। मिश्रा ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि छह जनवरी को दिल्ली विधानसभा में एक अभूतपूर्व और गंभीर पाप हुआ। गुरु तेग बहादुर जी, भाई सतीदास जी, भाई मतीदास जी और भाई दयाला जी की शहादत के 350 वर्ष पूरे होने पर चल रही चर्चा के दौरान आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया।

### कड़ाके की ठंड जारी एक्यूआई खराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को तापमान में गिरावट आने से कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहा एवं वायु गुणवत्ता सूचक. ांक (एक्यूआई) का स्तर बहुत खराब दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सफदरजंग वेधशाला में आज सुबह के समय न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किय गया, जो सामान्य तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस से कम था। विभाग के अनुसार आमतौर पर 11 जनवरी से 15 जनवरी के बीच न्यूनतम तापमान लगभग 7.4 डिग्री सेल्सियस और 16 जनवरी से 20 जनवरी के बीच 7.6 डिग्री सेल्सियस रहता है। मौसम विभाग ने ठंडी हवाएं चलने और रात में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और धुंध एवं कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान जताया गया है।

# कार्बन क्रेडिट से आय अर्जित करने की रूपरेखा को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल ने पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के माध्यम से कार्बन क्रेडिट से आय अर्जित करने की रूपरेखा लागू करने को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य दिल्ली में चल रही हरित योजनाओं को व्यवस्थित ढंग से जोड़कर प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए नए वित्तीय संसाधन तैयार करना है। यह पहल दिल्ली को जलवायु कार्रवाई में देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा करती है।यह निर्णय दिल्ली सरकार की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और भारत के नेट-जीरो लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। दिल्ली में जो भी परियोजना एक मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड या उसके बराबर उत्सर्जन कम करती है, उसके बदले एक कार्बन क्रेडिट तैयार किया जा सकेगा। इन क्रेडिट्स को देश-विदेश के स्वैच्छिक या नियामक बाजारों में बेचा जा सकेगा।

खास बात यह है कि यह पूरा मॉडल सरकार पर किसी भी तरह का सीधा खर्च डाले बिना काम करेगा।परिवहन, बिजली, वन, जल, शहरी विकास जैसे विभिन्न विभागों में चल रही योजनाएँ, जैसे इलेक्ट्रिक बसें, सोलर रूफटॉप, वृक्षारोपण, पानी के पुन: उपयोग और कचरा प्रबंधन, अब केवल पर्यावरण सुधार तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि इनके जरिये पर्यावरण संरक्षण के लिए धन भी जुटाया जा सकेगा। इस पहल का नेतृत्व कर रहे पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहन, यमुना सफाई, लैंडफिल से बायोगैस और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में बड़े स्तर पर काम कर रही है। इस रूपरेखा के जरिये हम इन प्रयासों को मापेंगे, अंत. रराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित करेंगे और पारदर्शी तरीके से उनसे आय अर्जित करेंगे। यह राशि फिर से प्रदूषण नियंत्रण और जलवायु सुधार पर ही खर्च होगी।" सिरसा ने इस पहल के लिए माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में दिल्ली के पर्यावरणीय प्रयास और अधिक मजबूत होंगे। इस योजना में विशेषज्ञ एजेंसियों को सक्सेस-फी मॉडल पर जोड़ा जाएगा, यानी भुगतान तभी होगा जब वास्तव में कार्बन क्रेडिट से आय होगी।

# 10 मिनट की डिलीवरी पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा दी जा रही 10 मिनट की डिलीवरी सेवा पर रोक लगाने के केंद्र सरकार के फैसले का जोरदार स्वागत किया है। कैट ने इसे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में लिया गया एक समयबद्ध, मानवीय और दूरदर्शी निर्णय बताया है, जो डिलीवरी कर्मियों की जान और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है।

कैट ने स्पष्ट किया कि यह विषय हालिया नहीं है, बल्कि कैट ने लंबे समय से क्विक कॉमर्स के खतरनाक और अनियंत्रित मॉडल को लेकर सरकार और देश को आगाह करता रहा है। इस क्रम में सबसे पहले, मानसून सत्र 2024' के दौरान कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने संसद में इस गंभीर मुद्दे को मजबूती से उठाया था। उन्होंने क्विक कॉमर्स के अनियंत्रित विस्तार पर चिंता जताते हुए डार्क स्टोर्स पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करते हुए एक प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था, मैंने डार्क स्टोर्स पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करते हुए प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया, ताकि क्विक कॉमर्स के उस अनियंत्रित मॉडल पर रोक लगाई जा सके जो शहरी नियोजन को विकृत करता है, लोकल व्यापारियों को खत्म करता है, शोषण कारी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है और डिलीवरी कर्मियों पर असुरक्षित दबाव डालता है।




एक्टर और फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन, पिंकथॉन के फाउंडर, अंकिता कोंवर, इनविंसिबल वुमन की फाउंडर के साथ, दिल्ली के हयात रीजेंसी में होने वाले जाइडस पिंकथॉन-इंडिया के सबसे बड़े विमेंस रन से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महिलाओं की हेल्थ, फिटनेस और ब्रेस्ट कैंसर का जल्दी पता लगाने के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देते हुए। फोटो: भूपेश गुप्ता

# सम्मान समारोह का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित श्रीलंका उच्चायोग में लायंस क्लब दिल्ली वेज एवं राजस्थानी एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर दिल्ली विश्व. विद्यालय की छात्रा साज पाराशर एवं 'क्लिक लम्हे' की संस्थापक अर्चना शुक्ला का Women Prestige Awards 2026 से सम्मानित किया गया तथा 'टीम लक्की हिन्दुस्तानी" के संस्थापक अरुण शर्मा "लक्की हिन्दुस्तानी" को उनके उत्कृष्ट, प्रेरणादायी एवं समाजहितकारी कार्यों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। लायंस क्लब दिल्ली वेज एवं राजस्थानी एकेडमी के मुख्य संच. ालक डॉ. गौरव गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उभरती प्रतिभाओं को मंच देना और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। सम्मान प्राप्त करते हुए साज पाराशर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकारों के माध्यम से खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियानों से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# 8 मार्च को पिंकाथॉन के 8वें संस्करण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुंबई में हुए अपने ऐतिहासिक 10वें संस्करण की शानदार सफलता के बाद जाइडस पिंकाथॉन ने महिलाओं की इस प्रतिष्ठित रेस के आठवें संस्करण के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वापसी की घोषणा की है। 8 मार्च 2026 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाला यह आयोजन पिंकाथॉन के सबसे सक्रिय और उत्साही शहरों में से एक दिल्ली के लिए एक महत्वपूर्ण 'होमकमिंग' जैसा है। छह साल से अधिक समय बाद राजधानी में लौट रहा जाइडस पिंकाथॉन दिल्ली इस बार 3 किमी, लाइफलॉन्ग 5 किमी और 10 किमी के साथ-साथ 50 किमी, 75 किमी, 100 किमी और 100 किमी रिले जैसी अल्ट्रा-डिस्टेंस कैटेगरीज में आयोजित किया जाएगा। महिलाओं के स्वास्थ्य, समावेशन, प्रेरणा और सशक्तिकरण के स्तंभों पर आधारित यह आयोजन 2025-26 संस्करण में भी जाइडस लाइफसाइंसेज की टाइटल पार्टनरशिप के साथ जारी रहेगा, जो खेल को निवारक स्वास्थ्य देखभाल से जोड़ता है। पिंकाथॉन के संस्थापक मिलिंद सोमन ने कहा, दिल्ली हमेशा से पिंकाथॉन की कहानी का अहम हिस्सा रही है और आठवें संस्करण के लिए यहां लौटना ऐसा है जैसे उस बातचीत को फिर से आगे बढ़ाना, जो कभी रुकी ही नहीं। इस अवसर पर जाइडस लाइफ साइंसेज के प्रबंध निदेशक डॉ. शरविल पटेल ने कहा, 'ईजिएस्ट एग्जाम' अभियान के माध्यम से हम महिलाओं को यह संदेश देना चाहते हैं कि हर महीने केवल 3 मिनट का सेल्फ-एग्जाम जीवन रक्षक साबित हो सकता है।

### बस बुकिंग में बढ़ोतरी की उम्मीद

**नई दिल्ली।** जैसे ही दिल्ली संक्रांति की तैयारी कर रही है, जो भारत के सबसे महत्वपूर्ण फसल उत्सवों में से एक है, शहर में अंतरराज्यीय यात्रा की गति तेज हो रही है। रेडबस प्लेटफॉर्म के डेटा के अनुसार, त्योहारों के दौरान दिल्ली से बस बुकिंग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है, जो इस अवधि में पूरे भारत में देखी गई सबसे बड़ी वृद्धि को दर्शाती है। इस एनालिसिस में 9 से 18 जनवरी 2026 के बीच की बुकिंग की तुलना पिछले साल इसी अवधि (10 से 19 जनवरी 2025) से की गई है, जो होमबाउंड और लीजर-लेड जर्नियों में स्पष्ट बढ़ोतरी को दर्शाता है। यह बढ़ोतरी इस बात को दर्शाती है कि त्योहारों के समय यात्राओं में बसें अभी भी केंद्रीय भूमिका निभाती हैं, खासकर उन यात्रियों के लिए जो घर लौट रहे हैं, परिवार से मिलने जा रहे हैं, या संक्रांति के आसपास छोटे क्षेत्रीय अवकाश की योजना बना रहे हैं।

# भाजपा-महायुति उम्मीदवारों को समर्थन देने का एलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देशभर में पसमांदा मुस्लिमों के लिए तेजी से काम कर रही राष्ट्रवादी संस्था के मुख्य संरक्षक एवं विस्तारक इरफान अहमद और प्रभारी हाजी हैदर आजम ने बीएमसी चुनाव मुंबई में भाजपा के चुनाव प्रभारी, महाराष्ट्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार को पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ पंजीकृत की तरफ से समर्थन का पत्र देकर बीजेपी महायुति के प्रत्याशियों के लिए बढ़-चढ़ कर वोट करने का आश्वासन दिया। पत्रकार वार्ता में इरफान अहमद साहब और हाजी हैदर आजम ने बताया कि मोदी सरकार और देवेन्द्र फडणवीस की सरकारों ने जन-कल्याणकारी योजनाओं से देशभर में और मुंबई के समूचे पसमांदा मुस्लिम समाज को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है जिसके कारण पसमांदा मुस्लिम समाज का तेजी से उत्थान हो रहा है।



पिछले 60-65 वर्षों में कांग्रेस ने पसमांदा मुस्लिम समाज को गुमराह कर वोट प्राप्त कर सत्ता हासिल की, परंतु पसमांदा मुस्लिम समाज को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा !! 2014 से देश में जब से मोदी सरकार आई है तब से सरकार की योजनाओं से चौमुखी विकास एवं महाराष्ट्र की महायुति गठबंधन सरकार ने मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए अनेकों अनेक योजनाएं चलाई हैं और पसमांदा मुस्लिम समाज को मुख्यधरा से जोड़ने का कार्य किया है। इसलिए मुंबई में भाजपा महायुति के पक्ष में पसमांदा मुस्लिम समाज के मध्य जाकर ट्रिपल इंजिन की सरकार को वोट करने की अपील की।

मुंबई में बीएमसी में पसमांदा मुस्लिम समुदाय जो कि मुस्लिम आबादी का 80% है बीजेपी, शिवस. ेना शिंदे, आरपीआई अठावले को वोट देगा। प्रेस कांफ्रेंस में महाराष्ट्र प्रभारी एवं भाजापा में विभिन्न पदों और सरकार में पूर्व मंत्री रहे हाजी हैदर आजम, राष्ट्रीय अध्यक्ष एहसान अब्बासी और संस्था के उपाध्यक्ष इनायत हुसैन कुरैशी तथा इफ्तिखार अमरोही ने भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना शिंदे, आरपीआई अठावले को हर तरह से पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# कर्मचारी संघ द्वारा मनाया गया स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन

■ भारतीय मजदूर संघ के सह विभाग प्रमुख विजेंद्र ने भी स्वामी जी एवं भारतीय मजदूर संघ के बारे में सभी साथियों को अवगत कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** भारतीय मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव कर्मचारी संघ द्वारा संघ कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद जी 163 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्र ऋषि भारती संस्थापक भारतीय साथी संगठन के उपस्थित रहे। उन्होंने समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करते इसमें और राष्ट्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भागीदारी पर महत्व दिया उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी की वसीयत भी सभी लोगों के साथ साझा की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल विभाग प्रमुख गाजियाबाद ने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और संघ शताब्दी वर्ष में हो रहे कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में यशोदा हॉस्पिटल संजय नगर के वरिष्ठ चिकित्सक ज्ञान भारती जी ने भी स्वामी जी के आदर्श एवं संघ के अनुशासन के बारे में सभी लोगों को जागरूक किया। भारतीय मजदूर संघ के सह विभाग प्रमुख विजेंद्र ने भी स्वामी जी एवं भारतीय मजदूर संघ के बारे में सभी साथियों को अवगत कराया। मंच का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री एवं मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के प्रदेश महामंत्री नितिन रोहतगी द्वारा किया गया उन्होंने भी आज के इस वातावरण में स्वामी जी के आदर्शों का पालन करते हुए कैसे हम राष्ट्र को मजबूत करे एवं युवा इस कार्य में अपना क्या योगदान दे सकते हैं बारे में सभी लोगों को विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में संगठन के कई कार्यकर्ता शैलेश प्रताप संदीप त्यागी हितेश कुमार अभिषेक वर्मा मीनू चौधरी प्रवीण अशोक माथुर बृजेश ऋषभ एवं ऑटो यूनियन से अमरीश झा एवं नन्द किशोर आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में हिस्सेदारी की।

# पश्चिम बंगाल में दीदी का विरोध भाजपा की लहर: अशोक कुमार गोयल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** पूर्व राष्ट्रीय सह संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अशोक कुमार गोयल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की देश में चर्चा है। संवैधानिक संस्था ईडी की कानूनी कार्यवाही में अड़गा डाल कर राज्य पुलिस की मदद से मुख्यमंत्री का गलत कदम बंगाल में कानून की धज्जियां उड़ाने वाला है। निश्चित रूप में न्यायिक प्रक्रिया में दंडनीय है। बंगाल का जन मानस शांति सद्भाव एवं सुरक्षा के साथ सुशासन चाहता है। लंबे समय से आतंक एवं अरा. जकता के माहौल से दुखी है। बदलाव की बयार चली है। गृहमंत्री स्वयं सारे प्रकरण को देख रहे है। बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों से मुक्ति मिलना समय की आवश्यकता है। आम कारोबारी का जीना दूभर है। जान मॉल रोटी बेटी सम्मान की सुरक्षा जरूरी है। महापुरुष देश भक्तों की धरती देश को नया संदेश देने जा रही है। छोटा बड़ा कारोबारी उद्यमी राष्ट्रवाद से प्रेरित हो कर भाजपा सरकार बंगाल में लाने में सहयोगी है। कोलकाता बर्दवान वीरभूम मुर्शिदाबाद रायगंज सिलीगुड़ी से कूच बिहार या आसनसोल बांकुरा पुरुलिया खड़गपुर एवं नवद्वीप आदि में इस बार आम जन बदलाव की बात स्पष्ट कह रहे है। महिलाएं एवं युवा नया वेस्ट बंगाल चाहते है जिसमें उद्योग व्यापार रोजगार के साथ चतुर्मुखी विकास मिले जो केवल भाजपा सरकार ही लाएगी। गुरु रबिंद्र नाथ टैगोर स्वामी राम तीर्थ स्वामी विवेकानंद मा शारदा नेताजी सुभाष बोस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बंगाल देश और दुनिया को सनातन बंगाल की दिशा दिखाएगा।

## कंबल वितरण व नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 15 जनवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** ठंड के मौसम में गरीब और असहाय व्यक्तियों की सहायता के लिए शहर का प्रमुख ष्सामाजिक संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशनष द्वारा सुबह 11बजे जी टी रोड निकट पुलिस स्टेशन मुरादनगर में डॉ राजपाल तोमर के आवास पर जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क कम्बल वितरण किया जाएगा। डॉ राजपाल तोमर एवं डॉ फहीम सैफी द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि संस्था द्वारा सुबह हवन एवं कंबल वितरण के बाद दोपहर में वृद्ध असहाय जनों के लिए आवासीय वृद्ध आश्रम दुहाई में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

# डीपीएस मोदीनगर में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का उल्लासपूर्ण आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर मे को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व अत्यंत उत्साह, परंपरा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ ऑफलाइन एवं ऑनलाइन (हाइब्रिड मोड) में मनाया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोहड़ी की पारंपरिक भावना को दर्शाते हुए प्रतीकात्मक अलाव के माध्यम से फसल उत्सव का आनंद लिया गया। विद्यार्थियों के लिए लोकनायक दुल्ला भट्टी के जीवन पर आधारित एक जानक. ारीपूर्ण वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिससे उन्हें इस पर्व के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को समझने का अवसर मिला।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं। विद्यालय की ट्रस्टी अनिशा गांधी ने अपने प्रेरक विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया तथा निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने उद्बोधन में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने एवं भारतीय परंपराओं को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम उत्साह, सकारात्मक मूल्यों और आनंदमय सीख से परिपूर्ण रहा, जिसने इस पर्व को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक स्मरणीय अनुभव बना दिया।



**गाजियाबाद। शिप्रा सृष्टि सोसाइटी इंदिरापुरम में हर साल की तरह इस वर्ष भी सोसाइटी में सृष्टि पंजाबी जथा द्वारा लोहड़ी का पर्व बड़े धूम धाम और पूरे रीती रिवाज से आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम एवं डीजे की धुन और ढ़ोल पर डान्स किया गया। इस मोके पर मूंगफली, गचक, पॉपकॉर्न बाटें गए एवं सभी ने अच्छे व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस दौरान सृष्टि पंजाबी जथा के सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी ऋषभ राना, जे ऐस भाटीया, सुमित सोनी, सुनील दत्त शर्मा, सुशील कपूर, हंसराज कुकरेजा, कमलजीत जब्बल, कोमल राना, जसविंदर भाटीया, अंजू सिन्हा, सुनील अनेजा, सतबीन्दर सिंह सुरेंदर राना, राजेश भल्ला आदि मौजूद रहे।**

# मकर संक्रांति व लोहड़ी के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद व कंबल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** मकर संक्रांति व लोहड़ी के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई सामा. जिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मकर संक्रांति के अवसर पर सबने यह घोषणा की कि भारत देश के अंदर सांसद व विधायकों की पैंशन बंद की जाय सांसद व विधायक देश हित में यह घोषणा करके देश भक्ति का परिचय दें सेना के जवानों की पेंशन बढ़ाई जाए जो सांसद व विधायक आर्थिक रूप से कमजोर है केवल उन्हीं को पेंशन दी जाय उपरोक्त मांग को लेकर पूरे भारत में जानकारी दी जाएगी व महामहिम राष्ट्रपति महोदया को प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में विनय कक्कर संजय रैना अनिल अरोरा तूलिका सेठ चंचल कपूर एस पी त्यागी संजय अरोरा अनिल अरोरा विजय अरोरा शिवकुमार तिवारी राजेश अरोरा सोनू बग्गा विजय अरोरा सुमित सरना सुशील रहेजा किरण रहेजा आर सी शर्मा गुरमीत खोसला रमेश मिगलानी सोम अरोरा गोपाल खत्री महेश कुमार आहूजा प्रदीप अरविंद कुमार आदि सम्मिलित रहे।

# शहीद नगर वॉर्ड 34 में विकास कार्यों का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**साहिबाबाद।** शहीद नगर वॉर्ड 34 नगर निगम निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन के द्वारा सी ब्लॉक चंदू वाली गली और शंभु बास वाली गली में नाली व सी सी रोड़ के निर्माण कार्य के काम का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर हाजी मोहम्मद कल्लन, डॉ शहजाद हाजी सलीम हाजी कलाम महबूब भाई मोबिन आलम खर्घुर्शीद भई मोहम्मद सलीम बाबू भाई सलीम सलमानी आलिम सलमानी मुदस्सिर खान आसिम खान इंतजार भाई रहीस मंसूरी मोहम्मद अजीम मंसूरी जुबैर भई सक्रूद्दीन नसरुद्दीन अंसारी नुरूल इरफान बैग ताहिर अल्वी बबलू अल्वी फरजंद भाई सलीम भाई आदि लोग उपस्थित रहें।

# बार एसोसिएशन ने मनाया लोहड़ी पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन द्वारा बार प्रांगण में अध्यक्ष ब्रहमदेव त्यागी व सचिव वरुण त्यागी एंव डीजीसी सिविल हरप्रीत सिंह जग्गी एंव अन्य अधिवक्ताओं के साथ धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया गया व सभी की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर सरदार एस पी सिंह पूर्व सदस्य अल्पसंख्यक आयोग, वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार गुरदीप सिंह, सीपी श्रीवास्तव, सुनीता दत्ता, राकेश केली, अक्षय मेकिन, मनप्रीत सिंह, निर्मलजीत सिंह, जगमोहन सिंह, डॉ सबनम, खुशनुमा प्रवीन, विनय जैन, मनमोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जय कुमार मलिक बने भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** क्षेत्र के वरिष्ठ किसान नेता व मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहजहांपुर निवासी जयकुमार मलिक को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का उत्तर प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है, जयकुमार को मनोनयन पत्र भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सौंपा,उनके साथ गौरव टिकैत भी मौजूद रहे। जयकुमार के प्रदेश प्रवक्ता मना. नीत होने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के किसान नेताओं व आम किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमारे क्षेत्र की आवाज सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में सुनी जायेगी। जयकुमार मलिक को सभी ने बधाई दी।

## अध्यात्म में एआई के उपयोग पर की चर्चा

**गाजियाबाद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद ने मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) और अध्यात्म विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में कृत्रिम बुद्धिमता के मानव और समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी में वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने वैश्विक समाज के परिपेक्ष में एआई की महत्ता को बताया।

# स्व. प्रेमवती देवी को भाजपा नेता सौरभ यादव ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** भाजपा के मथुरा की मांट विधानसभा के विद्यायक एवं प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राजेश चौधरी की माता जी स्व. प्रेमवती देवी के निधन पर श्रदांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे भाजपा नेता सौरभ यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय, समाजसेवी रामप्यारे यादव, वरिष्ठ समा. जसेवी जे पी चौधरी, पार्षद दिशांत सिंह कन्नु व राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मथुरा पहुँचकर पुष्पांजलि अर्पित श्रदांजलि अर्पित की व उनके निधन पर शोक प्रकट किया।

## शिक्षा और रोजगार का सफल समन्वय: गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज की सराहनीय पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** शिक्षा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज ने 'SAHYOG COME TOGETHER TRUST (Education Deta Hai)' के साथ मिलकर एक सराहनीय पहल को साकार किया। इस पहल के अंतर्गत कॉलेज की छात्रा 'सुपरिया साक्षी' को प्रतिष्ठित 'L-G- Company' में रोजगार प्राप्त हुआ।कॉलेज एवं श्SAHYOG COME TOGETHER TRUST' के मध्य हुए *MOU* के पश्चात छात्रा को 'नि:शुल्क व्यावसायिक (Vocational) प्रशिक्षण' प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद छात्रा को 'सफल प्लेसमेंट' दिलाया गया।इस संपूर्ण पहल में 'SAHYOG COME TOGETHER TRUST' की ओर से 'शंकारी बाला (चेयरमैन), ''काजल नेहरा (एडवाइजर), ''शिवानी शर्मा' एवं 'महेक बंसल' का विशेष योगदान रहा। वहीं कॉलेज की प्राचार्या 'प्रो. पूनम शर्मा' ने छात्राओं को निरंतर प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे उनका आत्मविश्वास और कौशल विकास सुदृढ़ हुआ।



**मोदीनगर। नगर पंचायत पतला के वार्ड नंबर तीन में कुशल पाल के मकान से शहीद विनोद के मकान तक आरसीसी नाली के निर्माण कार्य का शुभारंभ करती नगर पंचायत चेयरमैन रीता चौधरी व अधिशासी अधिकारी आंचल पांडे। सभासद विमला के साथ नगर पंचायत के कर्मचारी व अन्य लोग भी मौजूद रहे।**

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मनाया गया लोहड़ी पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पावन पर्व लोहड़ी को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के नेतृत्व माननीय कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. डॉ. प्रसन जीत कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, डीन अकादमिक्स प्रो. डॉ. ए. शन्मुगनाथन सहित सभी निदेशकों की ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई। इस पवित्र अवसर पर, पावन अग्नि के समक्ष एकत्र होकर सभी ने शांति, समृद्धि, सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# डीजेजेएस संतुलन प्रकल्प द्वारा कन्या बचाओ अभियान के अंतर्गत लोहड़ी पर्व का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संतुलन प्रकल्प लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कन्या बचाओ अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम उच्चारण के साथ किया गया, जिससे वातावरण को सकारात्मक एवं ऊर्जावान बनाया गया। इसके पश्चात "मंत्र मूलं गुरु वाक्यम्" पर आधारित नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से नारी जीवन के आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। जुम्बा सत्र के माध्यम से महिलाओं को शारी. रिक फिटनेस एवं सक्रिय जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। वैज्ञानिक प्रदर्शनों द्वारा विभिन्न विषयों पर तार्किक एवं वैज्ञानिक व्याख्याएँ प्रस्तुत की गईं। हास्य नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेशों को सहज एवं मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया गया। सामूहिक साधना सत्र ने प्रतिभागियों को मानसिक शांति, आत्मबल एवं आत्मचिंतन की ओर प्रेरित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद जी के विचारों एवं चारित्रिक गुणों को युवाओं एवं महिलाओं के समक्ष रखा गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना जागृत हुई। कार्यक्रम में खेलों एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सहभागियों में उत्साह, सामूहिकता एवं आनंद की भावना का संचार हुआ। एक विशेष सत्र में नारी को आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हुए आत्म-उत्थान के लिए प्रेरित किया गया।

दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी वसुधा भारती जी ने ब्रह्मज्ञान आधारित ध्यान-साधना द्वारा विवेकपूर्ण निर्णय लेकर संतुलित जीवन जीने का एवं समाज निर्माण में सशक्त एवं ब्रह्मज्ञानी नारी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया।

मंगलमय आरती के पश्चात् परंपरागत रूप से लोहड़ी अग्नि प्रज्वलित कर नारी के प्रति व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को प्रतीकात्मक रूप से उसमें समर्पित किया गया तथा एक सकारात्मक एवं नवीन सामा. जिक संरचना का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# दिल्ली सरकार 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को समर्पित करेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार विस्तार के 5वें चरण के तहत 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली की जनता को समर्पित करेगी, जिससे राजधानी दिल्ली में वार्ड और मोहल्ला स्तर पर प्राइमरी हेल्थकेयर सेवाओं को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। इस बढ़ोतरी के साथ राजधानी दिल्ली लॉन्ग-टर्म प्राइमरी हेल्थकेयर रोडमैप के तहत तय किए गए 1100 से ज़्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना की दिशा में लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। दिल्ली में अभी 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर काम कर रहे हैं। बुधवार को 81 नए आरोग्य मंदिरों के उद्घाटन के बाद नेशनल कैपिटल रीजन में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी। अपनी सरकार की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बात करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली के प्रत्येक नागरिकों तक प्राइमरी हेल्थकेयर पहुंच. ाने के तरीके को तेजी से बदलने का काम कर रहा है।

ये सेंटर यह सुनिश्चित करते हैं कि इलाज, दवाएं और मेडिकल टेस्ट पूरी तरह से मुफ्त और लोगों की पहुंच के आसपास मिले। यह सिर्फ बीमारी का इलाज करने के बारे में नहीं है, यह हर परिवार को घर के पास एक भरोसेमंद हेल्थकेयर सिस्टम देने के बारे में है। अब 319 सेंटर चालू होने के साथ हम दिल्ली के हर इलाके में अच्छी क्वालिटी की हेल्थकेयर ला रहे हैं।दिल्ली सरकार ने फिर से कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदि. रों का विस्तार, च्ड-श्र।ल और टटल के तहत मजबूत कवरेज और तेजी से बढ़ते हॉस्पिटल नेटवर्क के साथ मिलकर एक आधुनिक, टिकाऊ और रोकथाम पर फोकस वाले हेल्थ इकोसिस्टम को बनाने के बड़े मिशन का हिस्सा है।

हमारा मकसद यह पक्का करना है कि आसानी से मिलने वाली सस्ती और सम्मानजनक हेल्थकेयर हर नागरिक का अधिकार बन सकें। आरोग्य मंदिरों के विस्तार के साथ-साथ राजधानी दिल्ली आयुष्मान भारतख्र प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत-वय वंदना योजना दोनों के तहत अपने कवरेज नेटवर्क को भी मजबूत कर रही है। 13 जनवरी 2026 तक दिल्ली में कुल 6,91,530 हेल्थ कार्ड जारी किए गए हैं, जिसमें से 2 लाख 65 हजार 895 टटल कार्ड शामिल हैं।सेकेंडरी और टर्शियरी केयर तक लोगों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली में 189 अस्पतालों को पैनल में शामिल किए गए हैं।

## जिम के बाहर बदमाशों ने की गोलीबारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार ईस्ट में स्थित एक जिम के बाहर सोमवार रात बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। लॉरेंस विश्नोई गैंग के एक बदमाश ने सोशल मीडिया के जरिए गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है।

शुरुआती जांच में रंगदारी को लेकर गोलीबारी किए जाने की जानकारी मिली है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने घटना की पुष्टि की है। सोमवार रात पुलिस को करीब 11 बजे एक जिम में फायरिंग की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि पश्चिम विहार में आउटर रिंग रोड पर आरके फिटनेस में 2 बाइक सवार बदमाशों ने गोलीबारी की है। मौके से पुलिस को खोखा मिला है। पुलिस जिम मालिक से पूछताछ कर जांच में जुटी है।

# पुलिस ने डाली ताबड़तोड़ रेड, 48 घंटे में 500 अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पुलिस ने 48 घंटे तक चले 'ऑपरेशन गैंग बस्ट' के तहत अलग-अलग गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े 500 से ज्यादा बदमाशों को गिरफ्तार किया। यह ऑपरेशन दिल्ली के कई जिलों में एक साथ चलाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन का मुख्य मकसद सक्रिय गैंग मॉड्यूल को ध्वस्त करना, हिंसक अपराधों पर प्रभावी रोक लगाना और गैंगवार को खत्म करना था। अभियान के दौरान पुलिस की कई टीमों को एक साथ तैनात किया गया ताकि अपराधियों को भागने का कोई मौका न मिले। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई राजधानी में सक्रिय आपराधिक गिरोहों को तोड़ने के उद्देश्य से की गई। संगठित अपराध और गैंगवार पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली पुलिस ने एक बड़े और सघन अभियान की शुरुआत की।

ऑपरेशन के तहत पुलिस टीमों ने गैंगस्टरों, उनके सहयोगियों और मददगारों के पहले से चिन्हित ठिकानों और संभावित छिपने की जगहों पर छापेमारी की। इन छापों के दौरान कई कुख्यात अपराधियों को दबा. ेचा गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में हत्या, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली, डकैती और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर मामलों में शामिल आदतन अपराधी और लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे ऑपरेशन पर लगातार नजर बनाए रखी। जिला पुलिस और स्पेशल यूनिट्स को आपसी तालमेल के साथ तेजी और सटीकता से कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस समन्वित प्रयास से ऑपरेशन को सफल बनाया जा सका।

दिल्ली पुलिस ने साफ किया कि 'ऑपरेशन गैंग बस्ट' का उद्देश्य केवल गिरफ्तारियां करना नहीं, बल्कि राजधानी में सक्रिय गैंगस्टरों और आपराधिक तत्वों को कड़ा संदेश देना भी है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखने की बात कही है, ताकि दिल्ली को अपराध मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

## पुलिस ने हथियारों सहित दो बदमाश पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर - पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्क गश्त ने एक बार फिर हथियारबंद बदमाशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। दो अलग-अलग दिनों में की गई कार्रवाइयों में थाना पुलिस ने दो सक्रिय अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पहली घटना 11 जनवरी की शाम की है। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने सीएनजी स्टेशन से बस डिपो की ओर जा रहे एक संदिग्ध युवक को देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। शक होने पर टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जांच में उसकी पहचान सुंदर नगरी निवासी जाकिर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी झपटमारी, चोरी और नशा तस्करी से जुड़े कई मामलों में शामिल रहा है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दूसरी कार्रवाई 12 जनवरी की शाम की है। सूचना के आधार पर गश्त कर रही टीम ने एक स्कूटी सवार युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से बटनदार चाकू बरामद हुआ।

# ड्रग पेडलर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने एक अंतर-राज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर एक ड्रग पेडलर और उसके दो सोर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कुल 182 ग्राम ष्स्मैकष् और साइकोट्रॉपिक पदार्थों के ट्रांसपोर्टेशन के लिए इस्तेमाल की गई एक बाइक जब्त की है।

दिल्ली के पूर्वी जिला अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अभिषेक धानिया ने बताया कि 3 जनवरी के दिन पूर्वी जिले की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड को गुप्त सूचना मिली कि जयबीर (34) नाम का एक व्यक्ति पेपर मार्केट मेन रोड में 'स्मैक' के पाउच सप्लाई कर रहा है। इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संजय सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अरुण सिंह के नेतृत्व में टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी जयबीर / सौरभ को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से 43 ग्राम 'स्मैक' बरामद हुई। इसके बाद गाजीपुर थाने के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि वह अपने सोर्स जसविंदर सिंह (28) से 'स्मैक' खरीदता था, और छोटे पाउच बनाकर उन्हें खोड़ा चौक और शशि गार्डन के पास नशा करने वाले लोगों को बेचता था।इसके बाद टीम 10 जनवरी की रात को अमरोहा, यू.पी. में तकनीकी और मैनुअल निगरानी के आधार पर, सोर्स जसविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 103 ग्राम 'स्मैक' बरामद की गई।




कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में गुरुमुखी लिपि केंद्र के शिलान्यास समारोह में भाग लेते हुए।

# गुरुमुखी से जुड़े रहना ही गुरु साहिब से जुड़े रहने का मार्ग : सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ सिख नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में गुरुमुखी लिपि केंद्र के शिलान्यास समारोह में भाग लिया और इसे सिख परंपरा, आध्यात्मिक चेतना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत दूरदर्शी पहल बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिरसा ने कहा कि यह आयोजन एक औपचारिक समारोह से ज्यादा गुरु साहिब की कृपा और आशीर्वाद से उपजी एक दीर्घकालिक सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरुमुखी लिपि धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब से जुड़ने का सशक्त माध्यम है और यही वह सेतु है जो व्यक्ति को गुरु की वाणी, विचार और आध्यात्मिक मार्ग से जोड़ता है।

सिरसा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि आज स्थापित यह केंद्र आने वाले वर्षों में यही स्थान गुरुमुखी के प्रचार-प्रसार, शोध और शिक्षण का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी विचार जब स्वयं से बड़ा हो जाता है, तो वह समाज और दुनिया का स्वरूप बदल देता है और यह केंद्र उसी परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक है।डिजिटल युग की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि आज मनोरंजन और सोशल मीडिया की तेज रफ्तार ने मनुष्य के धैर्य और स्मरण शक्ति को सीमित कर दिया है। ऐसे समय में गुरुमुखी जैसी लिपि और गुरु की वाणी ही मानवता, सेवा और आध्यात्मिक संतुलन का मार्ग दिखा सकती है।उन्होंने यह भी कहा कि जब इस केंद्र के अंतर्गत शिक्षकों और प्रोफेसरों के लिए लर्निंग एवं अपग्रेडेशन कार्यक्रम शुरू होंगे, तब देश-विदेश से आने वाले शिक्षाविद गुरु तेग बहादुर साहिब और गुरु अंगद देव पातशाह की शिक्षाओं, त्याग और विचारों से परिचित होंगे, जो उनके दृष्टिकोण और चेतना को गहराई से प्रभावित करेगा।

## सचदेवा ने किया प्रथम सेलिब्रिटी क्रिकेट मैच का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्वी दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित प्रथम सेलिब्रिटी क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। भोजपुरी दबंग एवं हरियाणा हीरोज के बीच हुए मैच का आयोजन उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने किया।भोजपुरी एवं हरियाणवी के अनेक फिल्म कलाकारों एवं लोक गायकों ने मैच में भाग लिया और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष आर्यन मान एवं अखिल भारतीय विधारथी परिषद की दिल्ली इकाई के संगठन मंत्री श्री राम कुमार भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं मैच देखने आये दर्शकों को सम्बोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की भाजपा संगठन और पार्टी के नेता सभी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ष्खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडियाष के आवहण को सफल बनाने के साथ ही षफिट इंडियाष के संकल्प की पूर्ति को कटिबद्ध हैं।

# विश्व पुस्तक मेला में ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने करवाई विद्यार्थियों को अंतरिक्ष की सैर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक जाने वाले पहले भारतीय, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 के एम्फीथियेटर में विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों से संवाद किया। युवराज मलिक, निदेशक, एनबीटी-इंडिया द्वारा संचालित एक सत्र में, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने युवा दर्शकों को भारतीय वायु सेना के पायलट के रूप में अपने शुरुआती दिनों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय बनने तक की प्रेरक यात्रा करवाई, जिससे छात्रों के बीच जिज्ञासा और सपने जागे। उन्होंने



बहुत ईमानदारी, आत्मीयता और हल्के-फुल्के अंदाज में बच्चों के साथ अपने अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी और पूरे सफर को याद किया। अपनी यात्रा को पूरे राष्ट्र की यात्रा बताते हुए उन्होंने कहा, "मैं एक अरब दिलों को साथ लेकर अंतरिक्ष गया था।" विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि उनमें से ही कोई भविष्य का अंतरिक्ष यात्री बनकर भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं का नेतृत्व कर सकता है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने बच्चों को भारतीय वायुसेना के पायलट के रूप में अपने शुरुआती दिनों से लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनने तक की प्रेरक यात्रा के बारे में बेहद रोचक अंदाज में बताते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़ाई।

उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में केवल 20 दिन बिताने के लिए उन्हें पाँच वर्षों तक प्रशिक्षण लेना पड़ा। इससे यह पता चलता है किसी काम को करने के लिए कितनी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि केवल रोमांचक क्षणों ही नहीं, बल्कि साधारण और रोजमर्रा के कामों का भी आनंद लेना सीखना चाहिए।

# चोरी की गाड़ी की लोकेशन बताने के नाम पर पैसों की डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक हैरान करने वाला वाकया सामने आया है, जिसमे पहले शातिर बदमाशों ने कार चोरी की, उसके बाद एप्प के जरिये कार मालिक का फोन नंबर प्राप्त कर उससे कार वापस करने की एवज में पैसों की मांग कर दी स हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कृष्णा नगर की राजगढ़ काला. ेनी में रहने वाले पंकज जैन ने रविवार की रात अपनी अर्टिगा कार अपने घर के बाहर खड़ी की थी, सोमवार की सुबह उनकी कार वहां से गायब थी, पंकज जैन ने कार चोरी की ई-एफआईआर दर्ज कराई थी स ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के कुछ समय बाद ही पीड़ित पंकज जैन के पास एक फोन आया, फोन करने वाले व्यक्ति ने पीड़ित को बताया उनकी चोरी की गई कार अब हरियाणा में है अगर गाडी की लोक. ेशन जाननी है तो 20 हजार रूपये देने होंगे। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने पर पता लगा, शातिर चोर ग्रे कलर की कार में सवार होकर आए थे और अर्टिगा को चोरी करके ले गए स गौरतलब है यह चोर जिस कार में सवार होकर आए थे वह भी कल्याणपुरी इलाके से चुराई हुई थी स इस घटना से वाहन चोरो के मंसूबो का पता लगता है कि अब वाहन चोरी करने के साथ-साथ पीड़ितों से चोरी किये गए वाहनों की लोकेशन बताने के नाम पर पैसे भी वसूल रहे हैं।

## ईडब्लूएस के लिए मुफ्त इलाज की आय सीमा बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ( ईडब्लूएस) के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय ने अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त करने हेतु वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

इस फैसले से उन लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जो पहले इस श्रेणी में नहीं आते थे, लेकिन अब नई आय सीमा के दायरे में आ जाएंगे।न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोरा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सुविधा दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों और रियायती दरों पर आवंटित भूमि पर बने निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी।



उप महापौर श्रीमती गिरधर लाल अस्पताल का निरीक्षण करते हुए।

## उप महापौर ने श्रीमती गिरधर लाल अस्पताल का निरीक्षण किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर श्री जयभगवान यादव ने आज श्रीमती गिरधर लाल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप महापौर ने अस्पताल परिसर में संचालित आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के डॉक्टर भी मौजूद रहे। उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि अस्पताल की डिस्पेंसरी में दवाएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने रोगियों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया जिसमें रोगियों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर संतुष्टि जाहिर की।उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद सभी कर्मचारियों का वेतन माह की पहली तारीख को जारी कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी निगम कर्मचारियों से अपेक्षा है को वो पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# मकर संक्रांति व लोहड़ी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा समिति की ओर से आज यहां नॉर्थ एवेन्यू में मकर संक्रांति व लोहड़ी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित आयोजित किया गया, जहां सभी ने लोहड़ी जलाकर मूंगफली और शकरी का आनंद लिया। इस अवसर पर काउंसिल के नेशनल चेयरमैन चौधरी जमशेद आलम ने इस अवसर पर कहा कि भारत देश अने. कता में एकता की अनूठी मिसाल है, जहां सभी समुदाय व जातियों के लोग आपस में एक दूसरे के त्योहारों को आपस में मिल जुल कर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी और मकर संक्रांति का त्योहार पूरे देश में मनाई जा रही है, इस अवसर पर आज हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हमें एकजुट होकर देश से गरीबी, अशिक्षा, नफरत और बेरोजगारी का पूरे तरीके से सफाया करके ही दम लेंगे। इस अवसर पर आईएचआर पीसी की नेशनल टीम में एडवाइजर उत्तम प्रसाद, नेशनल वाइस चेयरमैन मोहम्मद नौशाद कुरैशी, दिल्ली स्टेट चेयरमैन अमरजीत सिंह तनेजा, दिल्ली महिला विंग चेयरमैन रोमिता नारंग व उपाध्यक्ष साध्वी नीलिमानंद, मतलूब राणा, आमिर खान राजा, मो आबिद, नौशाद खान, हकीम मुशाहिद बेग, सलमान खान, मौलाना मुश्ताक जमीर, मौलाना सादिक, अबरार कुरैशी, अरसलान, समीर, अमन, हस्सान, एडवोकेट परवेज सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अदालती सूचना

**आज्ञा से सैयद गुफरान, उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा**

माननीय न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन), देहरादून। निष्पादन संख्या 18-वर्ष 2025 (मूलवाद सं. 412 वर्ष 2024 से उत्पन्न)

श्रीमती अंजना रतूडी

**बनाम**

कमला कार्की आदि

श्रीमती अंजना रतूडी उर्म 68 वर्ष पत्नी स्व. श्री प्रेम स्वरूप रतूडी निवासी-22, दून घाटी सहकारी आवास समिति, पो0ओ0 डिफेन्स कॉलोनी, देहरादून द्वारा मुख्तारेआम अभिषेक रतूडी पुत्र स्व. श्री प्रेम स्वरूप रतूडी निवासी-22, दून घाटी सहकारी आवास समिति, पो0ओ0 डिफेन्स कॉलोनी, देहरादून।

वादिनी

**नोटिस बनाम**

1. श्रीमती कमला कार्की पत्नी श्री बिजेन्द्र सिंह कार्की एवं 2 श्री बिजेन्द्र सिंह कार्की, पुत्र स्व. श्री कृष्ण सिंह कार्की उर्फ किशन सिंह कार्की दोनों निवासीगण डी-36, आर्य जी0सी0एस0एच0 अपार्टमेन्ट, प्लॉट सं. 91, आई0पी0 एक्सटेशन, पटपडगंज, नई दिल्ली।

**.....प्रतिवादीगण**

चूंकि श्रीमती अंजना रतूडी उम्र लगभग 68 वर्ष पत्नी स्व. श्री प्रेम स्वरूप रतूडी निवासी-22, दून घाटी सहकारी आवास समिति, पो0ओ0 डिफेन्स कॉलोनी, देहरादून उत्तराखण्ड द्वारा निष्पादन वाद प्रस्तुत किया गया है। वाद में दिनांक 23.01.2026 कि तिथि नियत की गयी है। अतएव आपको एतत्द्वारा आहूत किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो, उपरोक्त वर्णित दिवस 10 बजे प्रात: न्यायालय में उपसंजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करे, जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपको आशय है। आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्व वर्णित दिवस को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

बसब्त न्यायालय की आज्ञा से मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत के आज दिनांक 09.01.26 को जारी किया गया।

**प्रबन्धक**
**सिविल जज (सीनियर डिवीजन)**
**देहरादून।**

# स्वामी विवेकानन्द कहते थे युवा खेलें फुटबाल: खोसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** योगेश्वर देवी दयाल महामंदिर , तिलक नगर , नई दिल्ली ख्र आज यहाँ स्वामी विवेकानंद की जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रिय सैनिक संस्था की इकाई एवं श्री योग अभ्यास आश्रम ट्रस्ट की और से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पावन चिंतन धारा आश्रम दोहाई गाजियाबाद के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. पवन सिन्हा गुरु जी ने कहा की स्वस्थ शरीर ही अध्यात्म की और जा सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के अमेरिका और कोलकाता के संस्मरण सुनाए । उन्होंने कहा स्वामी के राष्ट्रवादी चरित्र पर अधिक चर्चा नहीं हुई है । उन्होंने स्वामी जी के स्वास्थ और दिनचर्या पर विस्तृत जानकारी दी । राष्ट्रीय सैनिक संस्था के संयोजक राजीव जोली खोसला और गौरव सेनानी ज्ञान सिंह ने बताया की जो भी बड़ा बना है उसे शिक्षा ग्रहण में सब्सिडी लोगों के द्वारा दिए गए टेक्स से आती है। टैक्स गरीब भी देता है। नमक पर भी टैक्स है। इसलिए विवेकानंद जी ने कहा था की जो जितना सक्षम है उसकी उतनी अधिक जिम्मेदारी है गरीबों की मदद की । स्कोडा ग्रुप के वरिष्ट सलाहकार राजन छिब्बर ने कहा की अब समय बदल चूका है। भारत के लोग अब 1947 के समय के कम पढ़े लिखे लोग नहीं रहे है। उनके हाथ में स्मार्ट मोबाइल है और वो टेलीविजन देखते है द्य उन्हें अपने भ्रष्ट नेताओं और अभिनेताओं के आचरण और भाषण का पता चलता रहता है।

# गोदाम में रखे सामान में भीषण आग लगी, पांच झुलसे, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओल्ड पीतमपुरा गांव में बीती रात एक गोदाम में भीषण आग लगने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसे में लाखों का सामान पूरी तरह से जल गया। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। रानी बाग पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्लॉट मालिक से भी पूछताछ की जा रही है। प्लॉट में रखा सामान मालिक का था या फिर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात करीब डेढ बजे पुलिस को पीतमपुरा गांव में एक प्लॉट में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी, जिसका इस्तेमाल टिन शेड के नीचे स्क्रैप कार्डबोर्ड और कार्टन बॉक्स स्टोर करने के लिए किया जाता था। पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने आसपास से लोगों को हटाया और पांच लोगों को किसी तरह से प्लाट से बाहर निकाला जिनको तुरंत नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया,जबकि तीन को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया। दमकलकर्मियों ने आधा दर्जन से ज्यादा गाडियों की मदद से आग पर घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया। सर्च ऑपरेशन में जहां टनों के हिसाब से जला हुआ सामान निकाला। मृतकों की पहचान बिरेश और सतीश के रूप में हुई। जिनके परिवार को हादसे की जानक. ारी दी। शुरुआती जांच में पता चला कि सभी पांचों लोग नालंदा, बिहार के रहने वाले थे और प्लॉट पर बने टिन शेड में रहते थे। वे आस-पास के बाजारों से स्क्रैप कार्डबोर्ड और कार्टन बॉक्स इक;ा करके बेचते थे। एक घायल व्यक्ति, दिनेश ने बताया कि उसने बिरेश और सतीश को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग की तेजी के कारण वह ऐसा नहीं कर पाया। मौके पर आगे की जांच में पता चला कि वहां चार टिन शेड थे, जिनमें से दो आग में पूरी तरह जल गए थे।

# 15 हजार की नौकरी देने के नाम पर की 48 करोड़ की हेराफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 15 हजार रुपये की डाटा एंट्री की नौकरी करने वाले युवक के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर 48 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक में जूता कंपनी में खाता खोलने के लिए पीड़ित ने आधार और पैन कार्ड दिया था। उसके आधार पर करंट अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी की गई है।

बिहार के सिवान का रहने वाला युवक नौकरी की तलाश में अप्रैल 2019 में दिल्ली आया। एक दोस्त के जरिए उसे इंद्रलोक की एक जूता कंपनी में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी भी मिल गई। कुछ माह नौकरी करने के बाद वह वापस बिहार लौट गया। बिहार में पीड़ित युवक ने अपना काम शुरू कर दिया। इस बीच 31 जनवरी 2023 को कर्नाटक इनकम टैक्स ऑफिस से पीड़ित करन कुमार राम (40) को एक नोटिस मिला। करन को बताया गया कि उनके नाम से एक कंपनी बनी हुई है और उसका जीएसटी नंबर भी लिया हुआ है। कंपनी के खाते से 2020-21 में 48 करोड़ की लेनदेन कर हेराफेरी की गई है। इसके अलावा 2019-2020 में 35 लाख से अधिक की लेनदेन हुई है।

नोटिस देखते ही करन के होश उड़ गए। पीड़ित ने नोटिस के खिलाफ सिवान की जिला अदालत में एप्लीकेशन दी और खुद को निर्दोष बताया। इसके बाद दिसंबर 2023 में गुरुग्राम और कुछ ही दिनों बाद सिवान इनकम टैक्स दफ्तर से भी इसी तरह का नोटिस आया।

# 15 लाख का माल कबाड़ी को बेचा, गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने कंपनी के गोदाम से 15 लाख रुपये से अधिक का धागा चोरी करने वाले कर्मचारी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी किया कुछ सामान बरामद हुआ। पुलिस बाकी सामान खरीदने वाले कबाड़ी की तलाश कर रही है। सेंट्रल नोएडा जोन के एडीसीपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि सेक्टर-46 निवासी अमित श्रीवास्तव ने 10 जनवरी को एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वह कारोबारी हैं। वह देशभर में जूते बनाने वाले धागे की आपूर्ति करते हैं। उनका सेक्टर-63 ए ब्लॉक में धागे का गोदाम है।

गोदाम पर लखीमपुर खीरी के डकिया मोहल्ला निवासी धीरज सक्सेना फील्ड यूनिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि धीरज चार जनवरी को गोदाम से ऑर्डर का माल लेकर निकला, लेकिन पते पर माल को नहीं पहुंचाया। अमित ने धीरज से बात करनी चाही तो उसका मोबाइल नंबर बंद आ आया। गोदाम में जांच करने पर पता चला कि धीरज पांच माह से लगातार धागे की पेटी गायब कर रहा था। वह ऑर्डर से ज्यादा माल गोदाम से उठा रहा था। चार जनवरी तक 300 पेटी चोरी होने का पता चला। इससे कंपनी को लाखों रुपये की चपत लगाई गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी। मंगलवार को पुलिस ने पुश्ता मोड़ स्थित न्यू उस्मानपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर कंपनी से गबन किए हुए 16 बोरे भिन्न-भिन्न आर्टिकल नंबरों के धागे, 116 पेटियां भिन्न-भिन्न आर्टिकल नंबरों के धागे, 3236 बॉक्स भिन्न-भिन्न आर्टिकल नंबरों के धागे, तीन पारदर्शी पिन्नी पैकेट रंगीन धागे व छह पेटियां थ्रेड कटर बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है।

**कंपनी मालिक का विश्वास पात्र था आरोपी:** जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी धीरज कंपनी मालिक का विश्वास पात्र था। इस कारण ही वह माल की डिलीवरी करने जाता था। लालच आने के कारण उसने चार जनवरी को कंपनी से तैयार मॉल लिया और 300 पेटी गायब कर दीं। शुरुआत में कंपनी मालिक को विश्वास नहीं हुआ कि धीरज ऐसा कर सकता है।

**गबन के बाद कबाड़ी को बेचा माल:** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि माल का एक हिस्सा दिल्ली में कबाड़ी को बेच दिया। बाकी माल इससे बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि माल खरीदने वाला कबाड़ी तोकिक मूलरूप से बरेली का रहने वाला है। उसके दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में गोदाम है। आरोपी ने गबन को माल को किसी अन्य ठिकाने पर छिपाकर रखा है, जिसे पुलिस जल्द बरामद करेगी आरोपी को गिरफ्तार करेगी।

# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास 45 मीटर चौड़ी सड़क अटकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर चौड़ी सड़क के लिए प्राधिकरण को किसानों से पांच स्थानों पर जमीन नहीं मिली। इसके कारण करीब 695 मीटर हिस्से में सड़क नहीं बन सकी। सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। अब प्राधिकरण फिर से किसानों से आपसी सहमति से जमीन लेने का प्रयास करेगा। नोएडा प्राधिकरण बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए अलग-अलग योजनाओं पर काम कर रहा है। इसी क्रम में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर चौड़ी सड़क पूरी करने की तैयारी है।

यह सड़क नोएडा के सेक्टर-94 से सेक्टर-150 तक जाएगी। फिर वहां से ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को जोड़ेगी। दोनों शहरों के बीच कनेक्टिविटी को और बेहतर करने के लिए सर्वेक्षण किया गया तो सड़क में अटकाव के मामले सामने आए।अधिकारियों का कहना है कि 45 मीटर सड़क काफी हिस्से में बनी है, लेकिन करीब पांच जगह किसानों से जमीन नहीं मिलने के कारण सड़क अधूरी है। इस वजह से लोगों को घूमकर जाना होता है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जमीन लेने के लिए किसानों से बातचीत शुरू कर दी गई है। एक जगह किसान जमीन देने को तैयार हो गए हैं। जमीन लेने की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। बाकी चार जगह भी किसानों से जमीन लेकर 45 मीटर चौड़ी सड़क को पूरा कराया जाएगा।

**एक्सप्रेसवे का विकल्प सड़क बनेगी:** अगर यह 45 मीटर चौड़ी सड़क पूरी बन जाती है तो यह नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का विकल्प साबित होगी। बिना किसी जाम में फंसे लोग नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक आसानी से आ-जा सकेंगे।

**शहदरा गांव समेत तीन गांवों में अड़ंगा:** प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि शहदरा गांव के पास खसरा नंबर-928 पर किसान का कब्जा है। यहां लंबाई 74.20 मीटर लंबी सड़क फंसी है। दूसरा, अटकाव मोहियापुर गांव के पास है। यहां पर 75 मीटर लंबाई में सड़क बनी है। मोहियापुर गांव की जमीन के पास ही 45 मीटर चौड़ी सड़क को लेकर तीसरा अटकाव है। चौथा, अटकाव झट्टा गांव के सामने है। यहां 230 मीटर लंबी सड़क नहीं बन सकी है। पांचवां अटकाव भी झट्टा गांव की जमीन को लेकर है। यहां 234 मीटर सड़क बननी बाकी है।

# लिफ्ट में चेन छीनने के प्रयास में एक्शन

## पुलिस कमिश्नर ने एसएचओ बिसरख और एसीपी को हटाया, सामने आया था सीसीटीवी फुटेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में चार दिन पहले ला रेजिडेंशिया सोसायटी की लिफ्ट में एक बुजुर्ग महिला से चेन लूटने का प्रयास किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मामले में बड़ा एक्शन लिया। क्राइम मीटिंग के बाद एसएचओ बिसरख मनोज सिंह और एसीपी दीक्षा सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इसके अलावा स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दरअसल, ये घटना ला रेजिडेंशिया सोसाइटी के बी-1 टावर नंबर 15 में हुई। बुजुर्ग महिला भारती जानी अपनी बच्ची के साथ लिफ्ट में प्रवेश कर रही थीं। तभी हेलमेट पहने एक व्यक्ति उनके पीछे लिफ्ट में घुस गया और महिला की चेन छीनने का प्रयास किया। महिला के चिल्लाने पर बदमाश ने उन्हें धक्का दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद बुजुर्ग महिला ने अपने फ्लैट पर पहुंचकर परिजनों को पूरी जानकारी दी।

**घटना का आया था सीसीटीवी फुटेज:** घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें हेलमेट पहने व्यक्ति को लिफ्ट में घुसते और भागते हुए देखा जा सकता है। महिला के परिजनों ने बताया कि घटना के बाद से वे काफी घबराई हुई हैं। उनके बेटे नरेंद्र जानी ने कहा कि लिफ्ट के अंदर ऐसी घटना होने से वे स्तब्ध थे।

**सोसाइटी में मौजूद नहीं गार्ड:** इस घटना के बाद सोसाइटी के निवा. सियों में भारी रोष है। उनका आरोप है कि सोसाइटी में सुरक्षा व्यवस्था लचर है और कोई सुरक्षा गार्ड भी मौजूद नहीं रहता। निवासियों का कहना है कि उनसे मोटा मेंटेनेंस चार्ज वसूला जाता है, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।

# पेड़ से टकराकर सीवर लाइन में पलटी कार, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ननुआ का राजपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार पेड़ से टकराकर सीवर लाइन में पलट गई। कार में सवार दो लोग भी घायल हुए हैं।

मूलरूप से बिहार निवासी रमेश दनकौर कस्बे में किराए पर रहते हैं और ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कार्यरत हैं। मंगलवार दोपहर वह अपनी बाइक से कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक कई फीट दूर जा गिरी और रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराई और पास की सीवर लाइन में पलट गई। इस घटना में कार में सवार दो व्यक्तियों को भी चोटें आईं। राहगीरों ने सभी घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

चश्मदीदों के अनुसार, घटना के समय कार की गति बहुत तेज थी, जिसके कारण यह भीषण हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### फर्जी लोन अप्रूवल के नाम पर ठगी में शामिल आरोपी को नहीं मिली अग्रिम राहत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** फर्जी लोन अप्रूवल के नाम पर लोगों से जीएसटी, प्रोसेसिंग फीस व अन्य शुल्क के रूप में साइबर ठगी करने के मामले में नामजद आरोपी तुषार दूबे की अग्रिम जमानत याचिका सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी। अदालत ने अभियोजन द्वारा दिए गए साक्ष्यों और केस डायरी के अवलोकन के बाद माना कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं।मामला थाना साइबर क्राइम से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार आरोपियों ने एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हुए एक निजी लोन कंपनी से लोन के इच्छुक लोगों का डाटा हासिल किया और उन्हें फर्जी लोन अप्रूवल लेटर भेजकर जीएसटी, प्रोसेसिंग फीस व अन्य चार्ज के नाम पर ठगी की थी। 16 दिसंबर 2025 को थाना साइबर क्राइम में प्रभारी निरीक्षक द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में हिमांशु चावड़ा, हिमांशु दूबे, मयंक उर्फ सुमित, गगन और तुषार दूबे को नामजद किया गया था। आरोपी व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए पीड़ितों से संपर्क करते थे और उन्हें भरोसे में लेकर फर्जी दस्तावेज भेजते थे। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कराई जाती थी। विवेचना के दौरान एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज तमिलनाडु निवासी एक शिकायतकर्ता से 1 लाख 10 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। जिसमें से 85 हजार 500 रुपये आरोपी तुषार दूबे के एयरटेल पेमेंट बैंक खाते में ट्रांसफर होना पाया गया था। अभियोजन ने दलील दी कि आरोपी ने जानबूझकर अपने बैंक खाते का उपयोग ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए किया। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया।

### युवक का शव कमरे में मिला

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में एक युवक का शव उसके कमरे के अंदर बिस्तर पर पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया जहरीला पदार्थ खाने से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानक. ारी मंगलवार सुबह उस समय सामने आई, जब डायल 112 पर एक कमरे के अंदर शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस ने देखा कि युवक का शव गद्दे पर पड़ा था।

उसके मुंह से झाग निकल रहा था और शरीर पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। हालांकि, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतक की पहचान 32 वर्षीय सतवीर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था। वह ग्रेटर नोएडा में रहकर सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता था। पुलिस के मुताबिक, सतवीर रात में ड्यूटी से लौटने के बाद खाना खा रहा था। खाना खाने की प्लेट उसके शव के पास ही पड़ी मिली। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### भूखंड के विवाद में जान से मारने की धमकी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** भूखंड के विवाद में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया गया है। शिकायत में आगाहपुर गांव निवासी विकास कुमार ने बताया कि बीते रविवार को वह दोस्त सतेंद्र को लेकर अपने रिश्तेदार मोहित कुमार के सेक्टर-130 स्थित भूखंड पर गए थे। वहां पर वाजिदपुर गांव निवासी रविंद्र सिंह कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ आया। उसने मोहित के भूखंड को अपना बताकर खाली करने को कहा। विरोध करने पर उसने शिकायतकर्ता और उसके साथी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### विद्युत निगम को पेड़ों की छटाई के लिए मशीन मिली

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** विद्युत निगम को बिजली लाइनों के बीच आ रहे पेड़ों की छंटाई के लिए अब प्राधिकरण के उद्यान विभाग पर निर्भर नहीं रहना होगा। विद्युत निगम को इस काम के लिए पावर कॉरपोरेशन से मशीन मिल गई। इस मशीन का विद्युत निगम ने इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) विवेक कुमार ने बताया कि पेड़ों की छंटाई के लिए मशीन देने का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया था। मुख्यालय ने प्रस्ताव को स्वीकार कर मशीन भेज दी। इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है।

# नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी को शासन ने हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक और प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद को शासन से अटैच कर दिया है। उनको प्रतीक्षा सूची में डाला गया है। दरअसल पूरा विवाद नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के 2026 के केलेंडर को लेकर हुआ था। जिसमे एनएमआरसी के पूर्व कार्यकारी निद. ेशक और ओएसडी महेंद्र प्रसाद ने अपनी फोटो छपवाई थी।

फोटो छपने और वायरल होने के तत्काल बाद एनएमआरसी के एमडी और प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने महेंद्र प्रसाद को कार्यकारी निदेशक के पद से हटा दिया था। इसकी जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश को दी गई थी। मंगलवार को शासन ने अपने स्तर पर एक्शन लेते हुए महेंद्र प्रसाद को प्राधिकरण के ओएसडी पद से हटाकर प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है।

**क्या है केलेंडर में इसे देखे:** कैलेंडर के अप्रैल महीने के पेज पर एनएमआरसी के एमएडी और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की दो तस्वीरें हैं। इनमें से एक तस्वीर में वह सितार बजाते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी में वह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। लोकेश एम 2005 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उनका जन्मदिन 3 अप्रैल को पड़ता है।इसी तरह जुलाई महीने के पन्नों पर छडत्ब के कार्यकारी निदेशक और नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी महेंद्र प्रसाद की दो तस्वीरें छपी हैं। 2014 बैच के आईएएस अधिकारी महेंद्र प्रसाद का जन्मदिन 5 जुलाई को होता है।

# भूखंड के विवाद में जान से मारने की धमकी

**नोएडा।** भूखंड के विवाद में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया गया है। शिकायत में आगाहपुर गांव निवासी विकास कुमार ने बताया कि बीते रविवार को वह दोस्त सतेंद्र को लेकर अपने रिश्तेदार मोहित कुमार के सेक्टर-130 स्थित भूखंड पर गए थे। वहां पर वाजिदपुर गांव निवासी रविंद्र सिंह कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ आया। उसने मोहित के भूखंड को अपना बताकर खाली करने को कहा। विरोध करने पर उसने शिकायतकर्ता और उसके साथी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# छात्रा से दुर्व्यवहार करने पर वीआईटी के प्रोफेसर और प्रिंसिपल पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र की एनएच-34 स्थित विश्वेसरैया कॉलेज (वीआईटी) की बी-फार्मा की चौथे सेमेस्टर की छात्रा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सोमवार की रात से वायरल है। वीडियो में छात्रा ने आरोप लगाया कि शाम चार बजे के करीब स्टेडर प्रेक्टीकल में उसके साथ प्रोफेसर ने अभद्र व्यवहार करते हुए बैड टच किया। प्रोफेसर ने बैड टच करते हुए जमीन पर गिराने का प्रयास किया। बचाव में आए उसके दोस्त के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रोफेसर ललित राणा व प्राचार्य प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इस मामले में अभी प्रिंसिपल की गिरफ्तारी हुई है।

वायरल वीडियो में छात्रा ने आरोप लगाया गया है कि कक्षा की सभी छात्राओं के साथ प्रोफेसर की ओर से अभद्र व्यवहार किया जाता है। पुलिस में शिकायत करने पर करियर बर्बाद करने की प्राचार्य के द्वारा धमकी दी गई। वहीं, छात्रा का कहना है कि मामले में पुलिस अगर कार्रवाई नहीं करती है, तो वह सुसाइड कर लेगी और इसकी जिम्मेदार प्रोफेसर व प्राचार्य व वीआईटी कॉलेज प्रबंधन होगा। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के दोस्त मिनहाज शेख की शिकायत के आधार पर अध्यापक ललित राणा व प्राचार्य प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मिनहाज शेख निवासी कस्बा व थाना लाहरिया सराय दरभंगा बिहार ने बताया कि वह विश्वेसरैया कॉलेज में बीफार्मा का छात्र है। 12 जनवरी को शाम करीब सवा चार बजे आकृति वर्मा और छात्रा अवनि प्रकाश की बहस हो रही थी। प्रोफेसर ललित राणा व प्राचार्य प्रदीप ने आकृति को धक्का दे दिया। यह देखकर जब मिनहाज ने बीच-बचाव किया तो उसकी दोनों आरोपियों ने मिलकर लात-घूसों से पिटाई कर दी। वे उसे फस्ट फ्लोर से मारते हुए ग्राउंड फ्लोर पर ले आए। जान से मारने की धमकी दी। इस बीच बड़ी संख्या में छात्र वहां एकत्र हो गए। उन सबने मिलकर उसे अध्यापकों से बचाया।

# फर्जी हादसे का पर्दाफाश, महिला की हत्या करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने महिला की हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने वाले आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सोमवार देर रात थाना बीटा-2, थाना इकोटेक-1 पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, मृतका का मोबा. इल फोन और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 13 जनवरी 2026 को सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर आरोपी की पहचान की गई थी। गोप. नीय सूचना के बाद ढकिया वाले बाबा गोलचक्कर के पास घेराबंदी कर उसे रोकने का प्रयास किया गया। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। घायल आरोपी की पहचान अंकित कुमार पुत्र संजय, निवासी ग्राम जैत वैशपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारत. ूस, दो जिंदा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और मृतका का मोबा. इल फोन बरामद किया है। आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पूछताछ में हुआ सनसनीखेज खुलासा:** पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 11/12 जनवरी 2026 की रात एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थी और मामले को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया था। इस संबंध में थाना बीटा-2 में पहले ही मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी मृतका से दोस्ती थी और वह उससे प्रेम करता था। महिला द्वारा संबंध से इनकार किए जाने पर उसने गुस्से में आकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

# पेयजल के 100 से अधिक नमूने लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पेयजल की गुणवत्ता परखने के लिए चार दिन तक चले विशेष अभियान में प्राधिकरण की टीम के साथ एक एजेंसी ने भी पेयजल के 100 से अधिक नमूने लिए। एजेंसी ने नलकूप, भूमिगत जलाशय, अपर जलाशय और घरों से नमूने एकत्रित किए। इनकी जांच रिपोर्ट 10 दिन बाद आने की उम्मीद है। दरअसल प्राधिकरण ने आवासीय सेक्टर डेल्टा-1 और अल्फा-2 में बीते सप्ताह दूषित पेयजल की आपूर्ति की शिकायत पर आठ टीमें बनाकर ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में लगातार चार दिनों तक अभियान चलाया। पेयजल के साथ सीवर लाइन का भी निरीक्षण किया।

जल विभाग के अधिकारी के मुताबिक टीमों ने एक हजार से अधिक स्थानों से नमूने लेकर लेकर मौके पर ही टीडीएस, पीएच और क्लोरीन की मात्रा परखी। अधिकारी के मुताबिक टीडीएस की अधिकतम मात्रा 550 दर्ज की गई, जो मानक के अनुसार है। इसका इस्तेमाल पेयजल में किया जा सकता है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक जल विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की भी दो टीमों को पेयजल की जांच के लिए लगाया गया था। श्रीराम लैब ने अलग-अलग नलकूपों, भूमिगत जलाशय (यूजीआर), अपर जलाशय (ओवरहेड टैंक) व घरों से मिलाकर 100 से अधिक पेयजल के नमूने लिए। इनकी विस्तृत जांच की होगी यानी सभी मानकों को परखा जाएगा। रिपोर्ट आने में 10 से 12 दिन का समय लगेगा। हालांकि, प्रारंभिक जांच में मानक सही पाए गए हैं। श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी से विवाद में दी जान, तीन साल पहले की लव मैरिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-143 स्थित गांव गढ़ी शहदरा में रहने वाले एक सुरक्षा गार्ड ने पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सोनू यादव निवासी गांव लौआडीह थाना करिंदिनपुर गाजीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार सोनू अपनी पत्नी के साथ गांव गढ़ी शहदरा में किराये के मकान में रहते थे। उन्होंने करीब तीन साल पहले गांव की एक युवती से प्रेम विवाह किया था। वर्तमान में उनके दो बच्चे एक लड़की और एक लड़का है। सोनू डीएलएफ कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था। पति और पत्नी के बीच आए दिन घरेलू कलह के कारण विवाद होता था।

सोमवार को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इस कारण पत्नी गांव पड़ोस में रहने वाली एक रिश्तेदार बहन के यहां चली गई थी। इसी दौरान रात के समय सोनू ने मकान में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह जब वह घर पहुंची तो उसे घटना की जानक. ारी हुई। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सदर तहसील प्रशासन ने मंगलवार को बिलासपुर में अवैध कॉलोनी को बुलडोजर से ध्वस्त कराकर करीब 900 वर्गमीटर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की अनुमानित कीमत लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये से अधिक है। सदर तहसील के उपजिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि लेखपाल नीरज लता, पुलिस और प्रशासनिक टीम के साथ बिलासपुर पहुंचीं। यहां कॉलोनाइजर दो तालाबों की जमीन पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी काट रहे थे। तालाबों पर बाउंड्री वॉल का काम पूरा हो चुका था और प्लॉटिंग की जा रही थी। प्रशासन की ओर से कॉलोनाइजरों को पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन उन्होंने अवैध निर्माण बंद नहीं किया।



योजनाबद्ध तरीके से टीम ने कार्रवाई की। तालाब की खसरा नंबर 1360 की 300 मीटर और दूसरे खसरा नंबर 461 की 600 वर्गमीटर जमीन कब्जा मुक्त कराई गई। उक्त जमीन मुख्य रोड के किनारे हैंं। ऐसे में भूमि की अनुमानित कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई है। प्रशासन ने कॉलोनाइजरों को दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं, एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने लेखपाल नीरज लता को उनके सराहनीय कार्य के विशेष प्रविष्टि जारी की।

# बाइक सवारों ने युवक से मोबाइल फोन छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-22 में शुक्रवार को बाइक सवार दो बदमाश बाजार जा रहे युवक से मोबाइल फोन झपट ले गए। पीड़ित ने सोमवार को सेक्टर-24 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर-12 के जेड ब्लॉक में रहने वाले अंकित शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को बाजार में सब्जी लेने गए थे। वहां से लौटते समय सेक्टर-22 स्थित प्रियदर्शनी पार्क के पास सूप लेने जा रहे थे।

रास्ते में परिचित का फोन आने पर बात करने लगे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और मोबाइल फोन झपट लिया। अंकित ने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़वाने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश मोबाइल लेकर भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

